आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 दिसम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया। इस सत्र में उन्नीस दिनों की अवधि में कुल पंद्रह बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार की ओर से कई विधेयक भी पेश किए गए। एक रिपोर्ट–

लोकसभा की कार्यवाही दिन 11 बजे जब शुरू हुई, तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दिवंगत सदस्यों अभिनेता धर्मेंद्र, कर्नल सेवानिवृत्त सोना राम चौधरी, प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा और रवि नाइक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विपक्ष की नारेबाजी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने तंबाकू और उससे संबंधित उत्पादों पर उत्पाद शुल्क लगाने के लिए केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 पेश किया। श्रीमती सीतारामन ने पान मसाला जैसी विशिष्ट वस्तुओं के उत्पादन पर उपकर लगाने के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025 भी पेश किया। उन्होंने मणिपुर वस्तु और सेवा कर अधिनियम, 2017 में संशोधन के लिए मणिपुर वस्तु और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 भी पेश किया। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

आज पहली बार राज्यसभा की अध्यक्षता करने वाले सदन के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्री राधाकृष्णन का एक साधारण पृष्ठभूमि से उपराष्ट्रपति पद तक का सफर देश के लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर धान खरीद एवं खाद उपलब्धता की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने क्रय केंद्रों की सुचारु कार्यप्रणाली तथा खाद की पर्याप्त एवं समयबद्ध उपलब्धता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने किसानों के लिए निर्बाध लाभ सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों को सभी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

****

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ में आयोजित विकसित यूपी कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के विजन को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कॉन्क्लेव में नीति आयोग, नियोजन विभाग, फिक्की तथा ऑफ कॉमर्स के विशेषज्ञ भी शामिल हुए।

****

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण का पहला चरण कल से शुरू होगा। इसकी तैयारियां पूरी की जी चुकी हैं। काशी तमिल संगमम के दौरान तमिल मेहमानों को विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कराया जाएगा। इसके बाद उन्हें काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन कराया जाएगा। श्री काशी विश्वनाथ न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि तमिल मेहमानों का परंपरा के अनुसार स्वागत किया जाएगा ।

काशी तमिल संगमम आयोजन के अंतर्गत तमिलनाडु से चलकर आने वाले प्रतिनिधियों का समूह सात दल में दिनांक दो तारीख, चार तारीख, छः तारीख, आठ तारीख, दस तारीख और बारह तारीख एंव चौदह तारीख को आगमन होगा, और इसमें डेट जो हमारे स्टैंडर्स एसओपी के अनुसार गेट नम्बर चार पर हम अतिथियों को एलाइन करते हैं। वहां पर डमरू वादन के साथ शंखवादन के साथ उनका स्वागत किया जाता है। तत्पश्चात वहां से ले जाकर उत्तरी द्वार से गर्भ गृह के समक्ष जलाभिषेक का आयोजन सभी अतिथियों का कराया जाता है।

वाराणसी के मंडलायुक्त एस राज लिंगम ने बताया कि काशी तमिल संगमम कल वाराणसी के नमो घाट से शुरू होगा। इसके लिए सात ग्रुप तमिलनाडु से वाराणसी आ रहे हैं। कल उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और तमिलनाडु के राज्यपाल एन रवि सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, बाइस सितम्बर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। एक रिपोर्ट–

नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारो के तहत कपड़ा उद्योग में किए गए कर कटौती ने आम आदमी पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम कर दिया है। मानव निर्मित रेशों और मानव निर्मित धागो पर जीएसटी दरों को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। कपड़ा क्षेत्र में इस कर कटौती का उद्देश्य लागत कम करना, मांग बढ़ना और निर्यात को प्रोत्साहित करना है। वही, रेडीमेड कपड़े जिनकी कीमत ढाई हजार रुपए तक है उन पर अब पांच प्रतिशत कर लगाया जा रहा है। यह सुधार वैश्विक बाजारों में भारतीय कपड़ों की निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ा रहे हैं और भारत को एक वैश्विक कपड़ा उद्योग के रूप में उभरने में सहायक बन रहे हैं। दृष्टि और आरजू के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

****

आज विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के वाराणसी और गोरखपुर सहित अलग–अलग जिलों में एचआईवी–एड्स के प्रति जनजागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

****